मूल्य 1 रु.
वर्ष: 11 - अंक : 193, मुंबई, शनिवार, 18 सितंबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




## राष्ट्रीय अखबार दै. मुंबई हलचल की 24 अगस्त की प्रकाशित खबर व 3 अगस्त 2021 की शिकायत पत्र का असर

# म्हाडा का रिश्वतखोर अधिकारी लक्ष्मण मुंडे का तबादला

म्हाडा MHADA



Laxman Munde
Goregaon Division
EX Estate Manager




ठेकेदार शाहनवाज सैय्यद उर्फ शानू


### अवैध बांधकाम करने वाले ठेकेदार शानू व आसिफ के सर पर म्हाडा के भ्रष्ट अधिकारी लक्ष्मण मुंडे का था आशिर्वाद



1 Contractor : Shamim Khan Road no 2 opp BMC School Motilal Nagar 1 Goregaon west Mumbai 400104



2 Contractor : Kadir, Road No. 3 Motilal Nagar 1 Goregaon West



3 Contractor: Shahnawaz Sayyad (Shanu) Road No. 7 Motilal Nagar 1 Goregaon West Mumbai 400104

**संवाददाता**

**मुंबई।** सूत्रों से पता चला है कि गोरेगांव पश्चिम मोतीलाल नगर में अनगिनत अवैध बांधकामों की रिश्वतखोरी के पैसों की वसूली करके ठेकेदार शाहनवाज उर्फ शानू म्हाडा के अधिकारी लक्ष्मण मुंडे को कल तक पहुंचाता था। उसके बाद लक्ष्मण मुंडे शिवतखोरी के इन रुपयों को अपने से बड़े-बड़े अधिकारी तक पहुंचाने का काम करता था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

शिकायत पत्र व खबर प्रकाशित करने के बाद भी ठेकेदार शानू दो दिन पहले नया अवैध बांधकाम चालू किया है, नियर उषा हॉल रोड नंबर 4 मोतीलाल नगर नंबर 1 गोरेगांव पश्चिम, यह अवैध बांधकाम अभी धड़ल्ले से चालू है, शानू का कहना है कि इसका भी पैसा मैं म्हाडा अधिकारी लक्ष्मण मुंडे को पहुंचा दिया हूं

### तोड़क कार्रवाई के नाम पर सिर्फ लिया जाता है चुम्मा



4 Contractor: Sukhdev Karande Adress : Opp Gajanan Maharaj Mandir Behind Shabri Veg Restorent Near Mg Road Goregaon West Mumbai 400104

**5 Contractor Baba:**
Chawl No. Punjabi Chawal Motilal Nagar No 1 Near Circle Goregoan West

**6 Contractor Shanu:**
Chawl No 214 Motilal Nagar No. 1 Goregaon West

**7 Contractor Vikas Tawade:**
Kathiyawadi ke samne 1 bunglow Sidharth Nagar Goregaon West

**8 Contractor Vikas Tawade:**
Kathiyawadi ke samne 2 bunglow Sidharth Nagar Goregaon West

**9 Contractor Shridhar Shelar**
BST Ke Samnewali Gali Me Chawl No. 5 Or 6 Amne Samne Ka Room G+1 Or 2

**10 Contractor Ahmed And Akbar**
Motilal Nagar No. 2, White House Ke Samne G+1.

**11 Contractor Shanu:**
Road No.4 Motilal Nagar No.1 Goregaon West, 1+2

### मोतीलाल नगर गोरेगांव पश्चिम में अवैध बांधकामों की भरमार

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### पूरा नया मंत्रिमंडल

**गुजरात** सरकार में जो फेरबदल हुआ है, वह भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक नवाचार है। यहां भाजपा ने मुख्यमंत्री के साथ ही पूरे मंत्रिमंडल को बदल दिया है। सत्ता में दो दशक से ज्यादा समय तक रहने के बाद भाजपा द्वारा किया गया यह प्रयोग सत्ता विरोधी लहर को रोकने की एक अभूतपूर्व कोशिश है। यह भारतीय राजनीति में साहस ही नहीं, दुस्साहस की श्रेणी का मामला है। कई बार हमने देखा है कि जब किसी एक मंत्री का भी पद छिनता है, तो पूरा मंत्रिमंडल अस्थिर हो जाता है, सरकार पर खतरे के बादल मंडराने लगते हैं, लेकिन गुजरात में एक नहीं, बल्कि सभी मंत्रियों को दो से तीन दिन के भीतर बदल दिया गया और तब भी सरकार की सेहत बरकरार लगती है। अगर यह प्रयोग वाकई सफल रहा और पार्टी में कमजोरी न आई, तो यह बदलाव एक मिसाल बन जाएगा। जो राजनीतिक प्रयोग हुआ है, वह आम राजनीतिक सोच से परे है। शायद ऐसा प्रयोग केवल गुजरात जैसे राज्य में ही संभव हो, लेकिन इससे पूरे देश की राजनीति में चर्चा होगी। भाजपा ने गुजरात में इस बड़े बदलाव के दम पर जातिगत समीकरणों को भी साधने का प्रयास किया है। भूपेंद्र पटेल कैबिनेट में जिन 24 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई है, उनमें आधे मंत्री पटेल और ओबीसी बिरादरी से आते हैं। मतलब, भाजपा पटेलों को नाराज नहीं करना चाहती। साथ ही, भाजपा ने यह संकेत भी दे दिया है कि उसे किसी विशेष जातिगत नेता की नहीं, बल्कि जाति की चिंता है। किसी भी जाति या उसके लोगों को सत्ता में भागीदारी मिलनी चाहिए और जातिगत वोटों को किसी एक या दो नेताओं के पीछे नहीं खड़ा होना चाहिए। मतलब, मंत्री कोई रहे, जाति का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है। यह बदलाव संकेत है कि लोगों को अपने नेता से नहीं, बल्कि अपनी भागीदारी से सरोकार रखना चाहिए। अगर ऐसा होने जा रहा है, तो फिर भारतीय राजनीति में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव होगा। वैसे भी आदर्श राजनीति में महत्व व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि सबकी भागीदारी और सेवा का है। हालांकि, यह सवाल पूछा जाएगा कि यह फॉर्मूला भाजपा कहां-कहां लागू करेगी? सत्ता संतुलन जाति के आधार पर ही होना है, तो गुजरात में जो हुआ है, वह सही है, जिस पर हर राजनीतिक पार्टी को विचार करना चाहिए। भाजपा यह मानकर चल रही है कि पटेलों और ओबीसी की नाराजगी से उसे पिछले विधानसभा चुनाव में कुछ नुकसान हुआ था। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा महज 99 सीटों पर सिमट आई थी, लेकिन अब भाजपा की कोशिश है कि उसकी सीटों की संख्या बढ़े, ताकि सम्मानजनक ढंग से अगले साल फिर सत्ता हासिल हो। देखने वाली बात है कि गुजरात में सारे चेहरे बदलने का यह प्रयोग निकाय चुनाव के स्तर पर कामयाब रहा था। लेकिन चेहरे बदलने का यह अभियान राज्य स्तर पर बहुत कारगर तभी होगा, जब मंत्रिमंडल से हटाए गए नेताओं के असंतोष का समाधान होगा। नए बने मंत्रियों को पार्टी के अंदर ही नहीं, बल्कि अपने समुदाय या क्षेत्र में भी अपनी सेवा से केंद्रीय नेतृत्व के फैसले को करीब साल भर के समय में ही सही साबित करना होगा। बुनियादी रूप से हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि चेहरे बदलने की समग्र कवायद तभी कामयाब होगी, जब आम लोगों में सरकार के प्रति पुराना विश्वास मजबूत होगा।

# जो डिस्मैंटलिंग चाहते वहीं तो 'हिंदुत्व' निर्माता!

**सनातन** धर्म याकि हिंदू समाज दो पाटों में पीस रहा है! एक पाट उन सेकुलर-वामपंथियों का है, जिन्होंने गोधरा कांड के बाद नरेंद्र मोदी को खलनायक करार दे कर उन्हें हिंदुओं में महानायक बनवाया। दूसरा पाट उन लंगूर हिंदुओं का है जो उस्तरा लिए अपने ही समाज, देश में लिंचिंग करके अपने को धन्य मानते हैं। लिंचिंग की वारदात मुसलमान के साथ है तो लोकतंत्र, सत्य-ईमानदारी-मयार्दाओं के उन सनातनी मूल्यों व राष्ट्र धर्म के साथ भी है, जिससे हिंदू होना या हिंदूपना भी है। हां, गौर करें 'डिस्मैंटलिंग हिंदुत्व' चाहने वाले भारतीय चेहरों पर! कविता कृष्णन, आनंद पटवर्धन, मीना कंडासामी, आयशा किदवई, नंदिनी सुंदर वे प्रतिनिधि चेहरे हैं, जिसकी सियासी-मीडियाई-वैचारिक जमात ने सन् 2002 के गोधरा कांड के बाद नरेंद्र मोदी को ले कर 'डिस्मैंटलिंग मोदी' कैंपेन चलाया था। नतीजतन आम हिंदू सोचने को मजूबर हुआ कि कारसेवकों की ट्रेन बोगी में आग मुसलमानों ने लगाई और उस पर जब हिंदू प्रतिक्रिया हुई तो ये ठीकरा नरेंद्र मोदी पर फोड़ रहे हैं। याद करें एनडीटीवी, अंग्रेजीदां मीडिया-सेकुलर-कांग्रेस-लालू यादव सबके तब बनवाए नैरेटिव पर। नरेंद्र मोदी को अमेरिका वीजा न दे और वे देश-दुनिया के अछूत बनें, इसके लिए इसी लॉबी ने चौतरफा दम लगाया था। परिणाम क्या निकला? मोदी धीरे-धीरे आम हिंदू की सहानुभूति, उम्मीद और बहादुरी के महानायक बनने लगे। गुजरात हिंदू प्रयोगशाला हो गया। हिंदुओं में गुजरात मॉडल लोकप्रिय हुआ। मैं तब उस फिनोमिना पर अकेले लगातार लिखते हुए था। कांग्रेस को बार-बार चेताते हुए था कि इस्लामी आतंक के वैश्विक परिवेश में हिंदुओं को इस तरह बदनाम, आतंकी बनाना, नरेंद्र मोदी को मौत का



मसीहा करार देना आत्मघाती होगा। मंडल राजनीति के बाद अब हिंदुओं की भावनाओं की अनदेखी करके कांग्रेस अपने को मुस्लिम पार्टी बनवा देगी। सच्चाई के मेरे उस खुलासे पर कई लोग तब कहते थे कि मैं हिंदुवादी, मैं मोदीपरस्त, सांप्रदायिक आदि-आदि। अपनी लेखनी और सन 2014 से पहले कोई छह साल ईटीवी के 'सेंट्रल हॉल' प्रोग्राम में बेबाकी से और खासकर सन 2009 के लोकसभा चुनाव से मैं नरेंद्र मोदी के बनते अखिल भारतीय ग्राफ के सत्य का, कांग्रेस की गलतियों, लेफ्ट-सेकुलर जमात की हिंदू के प्रति असंवेदनशीलता का लगातार खुलासा करते हुए था। लेकिन कांग्रेस-सेकुलरवाद के तमाम कर्ताधताओं अहमद पटेल से ले कर एनडीटीवी, राजदीप-बरखा दत्त, कविता कृष्णन, प्रकाश करात, लालू यादव और दिल्ली के लुटियन इलाके के तमाम संपादक-पत्रकार इस मुगालते, गलतफहमी में थे कि मोदी ब्रांड हिंदुओं में हिट नहीं हो सकता है। हिंदू जात में बंटा हुआ है। हिंदू राजनीतिक नहीं हो सकता है। मोदी को जितना बदनाम करेंगे हिंदू सावधान होंगे, देश बचेगा। लेकिन हुआ ठीक उलटा। क्या मैं गलत लिख रहा हूं? सो, नोट रखें कि 'नरेंद्र मोदी की मेकिंग' वामंपथियों-कांग्रेस की गलतियों से है न कि मेरे जैसे सनातनी हिंदू से। वह सोनिया गांधी-प्रकाश करात के वक्त की सियासी-सेकुलर-मीडिया लॉबी की नासमझी से थी। इस राजनीतिक हकीकत पर मैं निरंतर 'नया इंडिया' में लिखते हुए था। मेरा लिखना मई 2014 के चुनाव में सत्य साबित हुआ। वह जनादेश हिंदू मानस की सामुदायिक खदबदाहट का ऐसा विस्फोट था, जिसमें लब्बोलुआब था बहुत हुई, धर्मनिरपेक्षता अब 'हिंदू' जो होगा उसे वोट! सोचें, 2014 में मतदाताओं में 'हिंदू' और 'नरेंद्र मोदी' पर कैसा विचार था? क्या वह कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता, धर्मनिरपेक्ष मीडिया के नैरेटिव के खिलाफ विद्रोह नहीं था? उसे धत्ता बताना नहीं था? तब भी सत्य था और आज भी सत्य है कि नरेंद्र मोदी उपलब्धियों, काबलियत, शासन-रीति-नीति के सत्व-तत्व, प्रोपेगेंडा से चुने नहीं गए थे, बल्कि हिंदू के दिल-दिमाग, मन की इस फील से चुने गए थे कि हिंदू बहुल देश में हिंदू की चिंता होनी चाहिए या हिंदुओं की उपेक्षा हो, उसे गाली पड़े? देश के संसाधनों, राजनीति, सत्ता में महत्व मुसलमान को मिले या हिंदुओं को? फिर सोच सकते हैं कि मैं हिंदूपरस्त, सांप्रदायिक। लेकिन यह हर समाज, हर देश, हर लोकतंत्र का यथार्थ है कि जिस धर्म की बहुसंख्या से देश बना है उसकी भावनाओं, उसके सत्व-सत्व की आत्मा की अनदेखी करके न राजनीति संभव है और न विकास!

# इन मंत्रियों से देश सीखे

**अपने** देश के मंत्रियों और नेताओं का व्यवहार कुछ ऐसा बन गया है, कि कभी-कभी हमें उनकी कड़ी आलोचना करनी पड़ती है लेकिन अभी-अभी हमारे दो मंत्रियों और एक मुख्यमंत्री के ऐसे किस्से सामने आए हैं, जो हमें इतिहास-प्रसिद्ध महाराजा सत्यवादी हरिश्चंद्र और सम्राट विक्रमादित्य के आदर्श आचरण की याद दिला देते हैं। सबसे पहले लें केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी को! गडकरी ने कल दिल्ली-मुंबई महापथ के निर्माण-कार्य का निरीक्षण करते हुए अपना एक किस्सा सुनाया। उस समय वे महाराष्ट्र सरकार में लोक निर्माण मंत्री थे। उनकी शादी अभी-अभी हुई थी। नागपुर के रामटेक में सरकार सड़क बनवा रही थी। उस सड़क के बीचोंबीच उनके ससुर का मकान भी खड़ा था। उन्होंने अपनी पत्नी को भी नहीं बताया और उस मकान को गिरवा दिया। गडकरी जैसे कितने मंत्री अपने देश में हुए हैं? इसीलिए गडकरी को गदगदकरी कहता हूँ। जब हम लोग बच्चे थे तो इंदौर में महारानी अहिल्याबाई के किस्से सुना करते थे। उसमें एक किंवदती यह थी कि उन्होंने अपने राजपुत्र को किसी संगीन अपराध के कारण भरे दरबार में हाथी के पाँव के नीचे दबवा दिया था। सच्चा राजा वही है, सच्चा जन-सेवक वही है, जो



अपने-पराए के भेदभाव से ऊपर उठकर निष्पक्ष न्याय करे। ऐसी ही कथा सत्यवादी हरिश्चंद्र के बारे में हम बचपन से सुनते आए हैं। वे अपना राज-पाट त्यागने के बाद जब एक श्मशान घाट में नौकरी करने लगे तो उन्होंने अपने बेटे रोहिताश्व की अंत्येष्टि के पहले अपनी पत्नी तारामती से नियमानुसार शुल्क मांगा। उनके पास पैसे नहीं थे। इस पर हरिश्चंद्र ने कहा 'अपनी आधी साड़ी ही फाड़कर दे दो। यही शुल्क हो जाएगा।' इन आदर्शों का पालन हमारे नेता करें तो यह कलियुग सतयुग में बदल सकता है। कुछ इसी तरह का काम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुछ दिन पहले कर दिखाया। उनके पिता ने ब्राह्मणों के विरुद्ध कोई आपत्तिजनक बयान दे दिया था। उन्होंने कोई लिहाज-मुरव्वत नहीं दिखाई। उन्होंने अपने पिता को गिरफ्तार कर लिया। भूपेश स्वयं पितृभक्त और मित्रभक्त है लेकिन उन्होंने अपना राजधर्म निभाया। ताजा खबर यह है कि नए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया साधारण मरीज बनकर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल पहुंच गए। वे एक बेंच पर जाकर बैठ गए। चौकीदार ने डंडा मारा और उन्हें वहाँ से उठा दिया। यह बात उन्होंने जब नरेंद्र मोदी को बताई तो नरेंद्र भाई ने उनसे पूछा कि 'उसे मुअत्तिल कर दिया गया?' तो मनसुख भाई ने कहा कि 'नहीं, क्योंकि वह व्यवस्था को बेहतर बना रहा था।' अद्भुत है, यह प्रतिक्रिया, एक मंत्री की! देश में कितने मंत्री हैं, जो साधारण वेश पहनकर इस तरह जन-सुविधाओं की निगरानी करते हैं? यदि हमारे मंत्री और नेता (और प्रधानमंत्री भी) इस तरह का सत्साहस करें तो उनके डर के मारे ही बहुत-सी अव्यवस्था और भ्रष्टाचार से देश को मुक्ति मिल सकती है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# अमृत नगर परिसर के शिवाजी नगर में नशे बेचने को लेकर फिर हुई खूनी वारदात

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** नशे के कारण हो रही खूनी वारदात थमने का नाम ही नहीं ले रही है, आए दिन नशा बेचने को लेकर इस परिसर में खूनी वारदात होना आम बात हो गई है। ऐसा ही एक सनसनीखेज खूनी वारदात का मामला प्रकाश में आया है। गत 16 सितंबर गुरुवार देर रात 12:30 बजे सरफराज और उसके बच्चे और उसके अन्य साथी समद सोहेल शहबाज जावेद अयूब ने शिवाजी नगर परिसर में इरशाद नाम के व्यक्ति को ढूंढने के लिए आए थे लेकिन इरशाद नहीं मिलने पर इन लोगों ने वहाब और इकबाल पर कुल्हाड़ी छुरी ऐसे धारधार हत्यारों से बड़ी बेरहमी से हमला कर दिया इस हमले में वाहब और इकबाल बुरी तरह से घायल हो गए हैं जिनको साइन अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। जहां वहाब की हालत स्थिर बताई जा रही है और इकबाल की हालत चिंताजनक बनी हुई है। क्योंकि यह हमले में इकबाल के सर पर कुल्हाड़ी से और गर्दन पर चाकू से वार किया गया है इसी कारण हालत गंभीर बताई जा रही है। यह जानलेवा हमले का कारण स्थानीय रहिवासियों द्वारा बताया जा रहा है यह सरफराज नामी व्यक्ति नशा बेचने जैसे चरस गांजा बटन ऐसे कई एक प्राणघातक पदार्थों को बेचने का कारोबार इस शिवाजी नगर परिसर में किया करता था परंतु इरशाद और उसके साथी और अन्य स्थानीय रहिवासियों द्वारा इन लोगों को नशा बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था और इस परिसर से घर खाली कराकर चलता करा दिया। यह विवाद 2 सालों से चल रहा था यह हमला रंजिश के कारण सरफराज और उसके साथियों ने वहाब और इकबाल पर जानलेवा हमला किया। फिलहाल मुंब्रा पुलिस ने साइन अस्पताल से रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट किया है। पुलिस इन अपराधियों के खिलाफ सीआरपीसी धारा 307 के तहत मामला दर्ज करेगी चुकी इकबाल अभी बयान देने की हालत में नहीं है जैसी ही इकबाल की हालत स्थिर होगी उसका बयान लेने के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी और और अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।



# मुंब्रा बाईपास पर मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** गत 15 सितंबर बुधवार को मुंब्रा पुलिस को सूचना मिलती है कि बाईपास पर किसी अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है सूचना मिलते ही मुंब्रा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश का पंचनामा कर व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान व्यक्ति के पास से कोई भी पहचान पत्र नहीं मिला अनुमान लगाया जा रहा है यह व्यक्ति 45 वर्ष का हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने लाश को कलवा के छत्रपति शिवाजी अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु के लिए भेज दिया गया और वहीं दूसरी ओर योगी कंपलेक्स एफ विंग दूसरा माला रूम नंबर 201 के रहिवासी अब्दुल सत्तार अली साहेब वर्ष 85 यह बुजुर्ग की घर में मौत होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह मौत की खबर तब लोगों को मालूम हुआ जब इनके घर से दुर्गंध आ रही थी पड़ोसियों ने बताया कि दरवाजा अंदर से बंद था और यह बुजुर्ग अकेले ही इस मकान में रहते थे। मुंब्रा पुलिस को सूचित कर इस बात की जानकारी दी पुलिस ने दरवाजा थोड़ा तो देखा बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो चुकी है इनके लाश को पोस्टमार्टम के लिए कलवा के छत्रपति शिवाजी अस्पताल भेज दिया गया। जहां तमाम कानूनी प्रतिक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया। फिलहाल पुलिस अब अज्ञात व्यक्ति की लाश के बारे में छानबीन करने में जुट गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।





(पृष्ठ 1 का शेष)

# राष्ट्रीय अखबार दै. मुंबई हलचल की 24 अगस्त की प्रकाशित खबर व शिकायत पत्र 3 अगस्त 2021 का असर

इस तरह से मोतीलाल नगर गोरेगांव पश्चिम में अवैध बांधों को बिना कोई रोकटोक के धड़ल्ले से किया जा रहा है, और इतनी शिकायतें करने के बाद भी न तो अभी तक कोई तोड़क कार्रवाई हुई है और अगर कोई कार्रवाई होती भी है तो सिर्फ दिखावे के लिए और दिखावा करने के लिए किया जाता है, तोड़क कार्रवाई के नाम पर सिर्फ चुम्मा लिया जाता है। इसके बाद आप अखबार में प्रकाशित फोटो को देख सकते हैं कि सारे अवैध बांधकाम पूरे हो चुके हैं और सब अवैध बांधकाम का काम चालू है। और अभी शिकायत पत्र व खबर प्रकाशित करने के बाद भी ठेकेदार शानू दो दिन पहले नया अवैध बांधकाम चालू किया है, नियर उषा हॉल रोड नंबर 4 मोतीलाल नगर नंबर 1 गोरेगांव पश्चिम, यह अवैध बांधकाम अभी धड़ल्ले से चालू है, शानू का कहना है कि इसका भी पैसा मैं म्हाडा अधिकारी




लक्ष्मण मुंडे को पहुंचा दिया हूं।

इसी तरह ठेकेदार शमीम खान द्वारा रोड नंबर 2 बीएमसी स्कूल के सामने मोतीलाल नगर 1 गोरेगांव पश्चिम में जी+1 का अवैध निर्माण किया गया है। अवैध बांधकाम करने वाले ठेकेदार शानू, आसिफ व शमीम खान के सर पर मनपा पी/साउथ और म्हाडा के अधिकारी लक्ष्मण मुंडे का हाथ है। आपको बता दें कि इन अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करने के लिए मनपा पी/साउथ का कहना है कि यह म्हाडा के अंतर्गत आता है, और म्हाडा का कहना है कि यह मनपा पी/साउथ के अंतर्गत आता है, यही बहाना बना कर दोनों अपने-अपने पल्ले झाड़ रहे हैं। तो सवाल यह उठता है कि इन अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी किसकी है?

इन्हीं करणों से गोरेगांव मोतीलाल नगर में अवैध निर्माणकर्ताओं की मौज है, जो बिना किसी डर के बेखौफ एक के बाद एक अवैध निर्माण किये जो रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शानू और आसिफ का कहना है कि हर एक कामर्शियल व रेसिडेंस गालों का लाखों रुपया म्हाडा के अधिकारी लक्ष्मण मुंडे व मनपा पी/साउथ के अधिकारियों को देते हैं, तो इसी वजह से मेरे द्वारा निर्माण की गई गालों व घरों को तोड़ने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। आपको बता दें कि शानू वही अवैध निर्माणकर्ता है जो 23/12/2018 को गोरेगांव मोतीलाल नगर नं. 3 में 3 रूम गिर गये थे उसमें 3 लोगों की जान चली गई थी और 8 लोग घायल हुये थे, इसी मामले में गोरेगांव पुलिस स्टेशन में शानू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज हुआ था। इसके बाद भी शानू और आसिफ को म्हाडा के भ्रष्ट अधिकारी लक्ष्मण मुंडे खुली छूट दे रखी है। अभी भी शानू और आसिफ कोरोना गाईडलाईन की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुये अपने अवैध निर्माण कार्य जोरों शोरों से कर रहे हैं। बता दें कि ये तो सिर्फ बाहर का काम है ऐसे सैकड़ों अवैध निर्माण कार्य गोरेगांव मोतीलाल के अंदर चालू हैं। आपको बता दें कि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध निर्माणकर्ता शानू और आसिफ का कहना है कि पी/साउथ मनपा के अंदर नहीं आता है, यह अब म्हाडा के अंदर आता है, और म्हाडा के अंदर लक्ष्मण मुंडे जैसे हमारे ऑफिसर कल तक तैनात थे जिसकी वजह से हमें किसी का कोई डर नही है। हम जितना चाहे खुलेआम कामर्शियल गालों और घरों का अवैध निर्माण कर सकते हैं। जब से पी/साउथ मनपा ने म्हाडा के हाथ में दिया है तब से यहां पर और भी ज्यादा अवैध कामों की भरमार लग गई है।









## गिरफ्तार किए गए आतंकी मॉड्यूल ने पुलिस पूछताछ में किया खुलासा

# 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट को दोहराना चाहते थे आतंकी, रेलवे ट्रैक-पुल उड़ाने की थी साजिश

संवाददाता / नई दिल्ली

पूरे देश को दहलाने की साजिश में पकड़े गए छह आतंकियों ने पूछताछ में अहम खुलासा किया है। देश के कई राज्यों को दहलाने की साजिश रची थी। इसके लिए आईएसआई व अंडरवर्ल्ड बड़े पैमाने पर तैयारी कर रहे थे। आतंकियों ने खुलासा किया है कि अभी इन्हें रैकी व हथियारों को इंतजाम करने के लिए कहा गया था। आईएसआई के निर्देश मिलने के बाद कई राज्यों के मेट्रो शहरों में बम धमाके करने थे। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के सूत्रों के मुताबिक, पाक-संगठित आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा रहे आतंकवादियों को रेलवे पटरियों और पुलों को उड़ाने का प्रशिक्षण दिया गया था। बड़ी सभाएं भी उनके निशाने पर थीं। स्लीपर सेल की भी भूमिका सामने आई है। उन्होंने बताया कि जांच से पता चलता है कि पाकिस्तान द्वारा संचालित आतंकी मॉड्यूल की योजना 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों की तर्ज पर थी। अलग-अलग जगहों की रेकी करने के बाद अलग-अलग जगहों से लोगों को मिलना था।

*ओसामा व जीशान को भी पाकिस्तान में कराची के पास थट्टा में फार्महाउस में उसी जगह आतंकी ट्रेनिंग दी गई थी, जहां मुंबई हमले के दोषी कसाब को प्रशिक्षित किया गया था।*

**खास बातें**

- आईएसआई ने भारत में बड़े स्तर पर दंगे फैलाने की साजिश रच रखी थी
- आतंकी मॉड्यूल को रेलवे पटरियां और पुल उड़ाने की भी दे गई थी ट्रेनिंग



### पाकिस्तान की यात्रा पर गए,पासपोर्ट पर मुहर नहीं

*सूत्रों के मुताबिक, पाक संगठित आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा रहे दो आतंकवादियों ने पाकिस्तान की यात्रा की, लेकिन उनके पासपोर्ट पर कोई मुहर नहीं थी। उन्होंने ग्वादर पोर्ट के माध्यम से समुद्री मार्ग का रास्ता चुना। ओमान से पाकिस्तान की ओर जाते समय मोटर बोट भी बदली। बता दें कि गिरफ्तार आतंकी ओसामा व जीशान को भी पाकिस्तान में उसकी जगह पर ट्रेनिंग दी गई थी जिस जगह मुंबई आतंकी हमले के दोषी अजमल अमीर कसाब को दी गई थी। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आतंकी त्यौहारों के दौरान ऐसी जगह पर बम धमाका करना चाहते थे, जहां एक धर्म विशेष के लोग एक जगह पर भारी मात्रा में एकत्रित होते हों। बम धमाकों के बाद जान-माल का ज्यादा नुकसान हो और इसके बाद देश में साम्प्रदायिक सौहार्द खराब हो जाए व देश में दंगे फैल जाएं।*

### इस बार अनीस इब्राहिम ने रची थी भारत में आतंक फैलाने की साजिश

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आतंकी 26/11 मुंबई बम धमाकों को दोहराना चाहते थे। इस बार दाऊद इब्राहिम का भाई अनीस इब्राहिम साजिश में शामिल था। वह आतंकियों के संपर्क में था। 26/11 के हमले की साजिश में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम शामिल था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आतंकी ओसामा व जीशान को भी पाकिस्तान में कराची के पास थट्टा में फार्महाउस में उसी जगह आतंकी ट्रेनिंग दी गई थी जहां पर मुंबई हमले के दोषी कसाब को दी गई थी। यहां पर ओसामा व जीशान को पिस्टल व एके-47 जैसे हथियार हैंडल करना व चलाना सिखाया गया था। साथ में आईईडी बनाया सिखाया गया था। आतंकियों को मेजर या लेफ्टिनेंट रैंक और गाजी नाम के अधिकारी ने ट्रेनिंग दी थी। गाजी के दो सहायक जब्बार और हमजा थे। पूछताछ में ये भी खुलासा हुआ है कि आतंकियों को कसाब जैसे अंधाधुंध फायरिंग कर टारगेट किलिंग करनी थी। टारगेट किलिंग के तहत राजनेता व धार्मिक गुरु निशाने पर थे।

### पुलिस ने योजना बनाकर ट्रेन से जान मोहम्मद को पकड़ा, लगातार रखी जा रही थी उन पर नजर


आतंकी जान मोहम्मद उर्फ समीर कालिया के पकड़े जाने की कहानी भी कम हैरतअंगेज नहीं है। दरअसल, खुफिया एजेंसी लगातार जान मोहम्मद और मूलचंद पर नजर रख रही थी। इसी बीच उनको ओसामा ओर जीशान के पाकिस्तान जाने की जानकारी भी मिली और ओसामा लगातार जान मोहम्मद के संपर्क में था। जान मोहम्मद जब दिल्ली के लिए निकला तो उसकी जानकारी एजेंसी ने स्पेशल सेल को दी। सेल की टीम भी गोल्डन टेम्पल ट्रेन में सफर कर रही थी। वो जान मोहम्मद के दिल्ली पहुचने का इंतजार कर रहे थे। सके बाद आतंकी समीर उर्फ जान मोहम्मद की निशानदेही पर दिल्ली के सराय काले खान से अबु बकर और ओखला से ओसामा को उठाया गया।

### ओसामा के पिता को दुबई से लाने के लिए सीबीआई जारी करेगी रेड कॉर्नर नोटिस

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ओसामा के चाचा हुमैद की तलाश में है वह विदेश ना भाग जाए इसलिए उसके खिलाफ़ एलओसी जारी करने की तैयारी कर रही है। वहीं ओसामा के पिता को दुबई से भारत लाने के लिए रेड कॉर्नर नोटिस भी सीबीआई के जरिए जारी करेगी। इस माड्यूल के बेनकाब होने के बाद देशभर की एटीएस टीम हाई अलर्ट पर है। आने वाले फेस्टिवल सीजन को देखते हुए शुक्रवार को एक दर्जन राज्यों की एटीएस टीम दिल्ली में एक कॉन्फ्रेंस कर आईएसआई की इस आतंकी साजिश को मुंह तोड़ जवाब देने की रणनीति तैयार कर रही है।

**24 को होगा पहला क्वाड शिखर सम्मेलन**

# क्वाड शिखर सम्मेलन का चीन ने किया विरोध, कहा गुटबाजी काम नहीं आएगी



संवाददाता / बीजिंग

चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित होने वाले आगामी क्वाड शिखर सम्मेलन को लेकर निशाना साधते हुए कहा है कि दूसरे देशों को निशाना बनाने के लिए 'गुटबाजी' काम नहीं आएगी और इसका कोई भविष्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति बाइडन वाशिंगटन में 24 सितंबर को प्रत्यक्ष तरीके से आयोजित पहले क्वाड शिखर सम्मेलन का आयोजन करेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापान के निवर्तमान प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा हिस्सा लेंगे।

### प्रतिद्वंद्विता में किसी को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं

क्वाड के आगामी शिखर सम्मेलन को लेकर टिप्पणी के लिए पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देशों के बीच सहयोग के जरिए तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा चीन का मानना है कि किसी भी क्षेत्रीय सहयोग ढांचे को समय की प्रवृत्ति के साथ होना चाहिए और क्षेत्र के देशों के बीच आपसी विश्वास तथा सहयोग के अनुकूल होना चाहिए। इसके जरिए किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाना चाहिए या उनके हितों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए।

### एशिया प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक विकास का इंजन है चीन

लिजियान ने कहा कि मैं इस बात का उल्लेख करना चाहता हूं कि चीन न केवल एशिया प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक विकास का इंजन है, बल्कि यह शांति की रक्षा करने वाली मुख्य शक्ति भी है। उन्होंने कहा कि चीन की उन्नति दुनिया में शांति के लिए अच्छी खबर है। लिजियान ने कहा संबंधित देशों को शीत युद्ध वाली मानसिकता और संकीर्ण सोच वाली भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की अवधारणा को त्याग देना चाहिए। सही ढंग से देखना चाहिए और क्षेत्र में लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान करना चाहिए तथा क्षेत्रीय एकजुटता और सहयोग के लिए और अधिक काम करना चाहिए। नवंबर 2017 में भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को खुला रखने के संबंध में नयी रणनीति विकसित करने के लिए क्वाड के गठन के लंबित प्रस्ताव को आकार दिया था।

### आयकर विभाग ने अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ जांच का दायरा बढ़ाया, कई परिसरों पर छापा मारा



**मुंबई।** आयकर विभाग ने अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच का दायरा बढ़ा दिया है और शुक्रवार को मुंबई, नागपुर और जयपुर में उनके कई परिसरों पर छापेमारी की गई। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। विभाग ने बुधवार को 48 वर्षीय अभिनेता और उनसे जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी जो जारी है। उन्होंने कहा कि तलाशी अब मुंबई, नागपुर और जयपुर में और स्थानों पर की जा रही है। मुंबई और लखनऊ में कम से कम आधा दर्जन स्थानों पर बुधवार को कार्रवाई की गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सूद से जुड़ा एक रियल इस्टेट सौदा और कुछ अन्य वित्तीय लेनदेन विभाग की जांच के दायरे में हैं। अभिनेता ने पिछले साल कोविड-19 महामारी के मद्देनजर देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान प्रवासियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचने में मदद कर सुर्खियां बटोरी थीं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने हाल में घोषणा की थी कि सूद आम आदमी पार्टी की सरकार के देश का मेंटर कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर होंगे, जिसके तहत छात्रों को अपने करियर के विकल्प के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। केजरीवाल ने शनिवार को कहा था कि भारत के उन लाखों परिवारों की प्रार्थनाएं सूद के साथ हैं, जिन्हें मुश्किल समय में उनका साथ मिला।

# मुंबई: अवैध छापे, जबरन वसूली के मामले में तीन अधिकारी समेत चार गिरफ्तार


**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के कालबादेवी में एक व्यक्ति के परिसर में राज्य जीएसटी कार्यालय को सूचित किये बिना कथित रूप से अवैध छापा मारने और 11 लाख रुपये की जबरन वसूली के मामले में दो बिक्री कर निरीक्षक तथा एक आयकर निरीक्षक के साथ एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि घटना जोतिकुमार जैन के कार्यालय में 14 जून को घटी थी और इस मामले में बृहस्पतिवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, जैन की शहर के अनेक इलाकों में संपत्तियां हैं और उनकी तरफ से दो लोग किराया वसूलते हैं। 14 जून को चारों आरोपियों ने उनके परिसरों पर छापा मारा जिसमें उनके कर्मचारियों ने 30 लाख रुपये नकदी और बही-खाते पेश किये। चारों ने उनके 11 लाख रुपये ले लिये। जैन को जल्द ही पता चला कि यह छापा अधिकृत नहीं था। अधिकारी के अनुसार, एलटी मार्ग थाने में एक शिकायत के बाद जांच शुरू कर हितेश वसईकर (42), मछींद्र कांगने (34), प्रकाश शेगार (55) और संतोष जगदाले (38) पर नजर रखी गयी। वसईकर आयकर निरीक्षक है, वहीं कांगने और शेगार बिक्री कर निरीक्षक हैं। चारों पर जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया है।




# दुनिया का दूसरा सबसे ईमानदार शहर बना मुंबई, वॉलेट एक्सपेरिमेंट में हुआ खुलासा

**संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई को कई वजहों से वर्ल्ड क्लास सिटी कहा जाता है। शायद इसी वजह से यह लोगों के लिए सपनों का शहर भी है। हाल में मुंबई ने ईमानदारी में भी कीर्तिमान स्थापित किया है। दरअसल रीडर्स डाइजेस्ट नाम की पत्रिका के एक सर्वे के जरिये इसका खुलासा हुआ है। यह सर्वे पूरी दुनिया में किया गया था। इस सर्वे में यह पता चला है कि मुंबई दुनिया का दूसरा सबसे ईमानदार शहर है। यह जानकारी महिंद्रा एंड महिंद्रा के सर्वेसर्वा आनंद महिंद्रा ने ट्वीट करके दी है। पत्रिका द्वारा यह सर्वे दुनिया के चार महाद्वीपों के 16 शहरों में करवाया गया था। ईमानदारी की परख करने वाला यह सर्वे बड़े ही अनोखे अंदाज में करवाया गया था। इस



अनोखे सर्वे को द वॉलेट एक्सपेरिमेंट का नाम दिया गया था। जिसके तहत सभी सोलह शहरों में अलग-अलग जगहों पर रुपये से भरे बटुए गिराए गए थे। इसके बाद लौटाए गए बटुओं के आधार पर शहरों को उनकी ईमानदारी की रैंकिंग मिली है। इस पूरे सर्वेक्षण के दौरान कुल 192 बटुए यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका तथा एशिया के विभिन्न शहरों में गिराए गए थे। हर बटुए में एक मोबाइल नंबर के पारिवारिक फोटो, कूपन, बिजनेस काड्र्स और स्थानीय मुद्रा के हिसाब से 50 डॉलर (तकरीबन 3600 रुपए) रखे गए थे। इन बटुओं को पार्क, शॉपिंग मॉल और सड़कों के किनारे गिराया गया था। इसके बाद सर्वेक्षण करने वाले लोगों ने मॉनिटर करना शुरू किया कि आखिर इन बटुओं के साथ क्या होता है?

# स्किन को 5 फायदे देता है जोजोबा ऑयल

हमारी त्वचा में प्राकृतिक रुप से सीबम नाम का एक तेल मौजूद होता है। जो हमारी त्वचा को नेचुरल तरीके से पोषण देने का काम करता है। ठीक उसी तरह के प्राकृतिक गुण जोजोबा ऑयल में भी पाए जाते हैं। जो हमारी त्वचा के तमाम परेशानियों को दूर करने का काम करता है। जोजोबा ऑयल त्वचा को मॉश्चराइज करता है। जिससे त्वचा का स्ल्ट लेवल नार्मल रहता है। इस तेल से रोजाना मसाज करने से आपकी त्वचा को कई तरह के फायदे पहुंचते हैं। सबसे पहले जानेंगे जोजोबा ऑयल से त्वचा को होने वाले फायदे....



**● त्वचा को दे पोषण**

त्वचा में मौजूद सीबम ऑयल और जोजोबा के प्राकृतिक गुण त्वचा को प्राकृतिक रुप से मॉइश्चराइज करने का काम करते हैं। मॉइश्चराइज करने के साथ-साथ इस तेल से त्वचा की गई मालिश त्वचा को एक प्रोटेक्टिव लेयर देती है जिससे आपकी स्किन धूल, मिट्टी और प्रदूषण से होने वाले नुकसानों से बच जाती है।

**● झुर्रियां और झाइयां**

जोजोबा ऑयल के इस्तेमाल से आपकी उम्र का प्रभाव कम होता है। मार्किट में मिलने वाले एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स में भी ज्यादातर इसी ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है। इस तेल की चेहरे पर मालिश से ब्लड सकुर्लेशन अच्छा होता है। इसके अलावा त्वचा में नई और स्वस्थ कोशिकाओं का निर्माण होता है जिससे आपकी त्वचा यंग एंड ब्युटीफुल दिखती है।

**● सनबर्न करे ठीक**

कई बार धूप में अधिक देर रहने की वजह से त्वचा काली या लाल पड़ जाती है। ऐसी सिचुएशन में जोजोबा ऑयल की मालिश स्किन को गहराई से पोषण देता है और सन-टैन व सन-बर्न जैसी परेशानियों से मुक्त करता है।

**● त्वचा की सूजन**

कई बार स्किन इंफेक्शन या फिर किसी बीमारी की वजह से त्वचा पर सूजन हो जाती है। जोजोबा ऑयल के एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व त्वचा की सूजन को कम कर अंदरूनी मांसपेशियों को एक्टिव करने का काम करता है।

**● कट्स और घाव के लिए फायदेमंद**

जोजोबा ऑयल में एंटी-बैक्टीरियल गुण विटामिन-ए पाया जाता है। यदि रसोई में काम करते वक्त या फिर किसी और वजह से शरीर पर कोई घाव या कट लग जाए तो उस पर जोजोबा ऑयल लगाएं। इसकी मदद से घाव तेजी से भरते हैं और नई कोशिकाओं का निर्माण भी तेजी से होता है।

**● यूं करें इस्तेमाल**

जोजोबा ऑयल आपको मार्किट में आसानी से मिल जाएगा। कोशिश करें कि आयुर्वेदिक जोजोबा ऑयल ही खरीदें। चेहरे की मसाज के लिए बादाम, आर्गन, और जोजोबा ऑयल सभी बेस्ट रहते हैं। बहुत शुष्क त्वचा के लिए, आर्गन या बादाम का ऑयल चुनें । मध्यम से तैलीय त्वचा के लिए जोजोबा ऑयल बेस्ट रहेगा। इस तेल से हफ्ते में 3 बार चेहरे की मसाज जरुर करें। यदि आपको डार्क सर्कलस की प्रॉबल्म है तो आंखों के नीचे जोजोबा ऑयल मे विटामिन-ए कैप्सूल मिक्स करके इस्तेमाल करें।

**मसाज का तरीका**

मसाज करने के लिए रोज रात को 3 से 4 बूंदे हाथों की उंगलियों पर डालकर गालों से मसाज की शुरूआत करें। 2 से 3 मिनट तक ऑयल की मदद से ऊपर की तरफ हाथों को ले जाते हुए चेहरे को मसाज करें। नाक और माथे पर भी इसी तरह 2 से 3 मिनट तक मसाज करें। अगर आपको ठीक लगे तो रात भर ऑयल लगा रहने दें। वरना गुनगुने पानी के साथ 10 मिनट के बाद मुंह धो लें।

# बालों की हर प्रॉब्लम का हल है आंवला, रीठा और शिकाकाई

आंवला, रीठा और शिकाकाई

अगर आंवला,रीठा और शिकाकाई जैसे कुछ असरदार कुदरती तत्वों का हेयर केयर के लिए इस्तेमाल किया जाए तो इससे झड़ते बालों में नई जान डाली जा सकती है। इन तीनों हर्बल फलों को जब मिला दिए जाए तो ये हमारे बालों पर जादू की तरह असर करते हैं।



**● आंवला**

आंवला एक तरह की औषधि है। इसमें विटामिन-उ, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, कैरोटीन, विटामिन-इ, फाइबर और काबोर्हाइड्रेट जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। कैमिकल्स के लगातार इस्तेमाल से बेजान और रुखे बालों को ठ-ीक करने के लिए आंवला सबसे महत्वपूर्ण औषधि के रुप में साबित होता है।

**● रीठा**

रीठा एंटी-ऑक्सिडेंट्स, आयरन और विटामिन-उ से भरपूर है। यह सभी तरह की हेयर प्रॉब्लम्स को दूर करने में प्रभावी है। रीठा बालों की कोशिकाओं को स्वस्थ बनाने के अलावा बालों के विकास में भी मदद करता है।

**● शिकाकाई**

शिकाकाई बालों को पोषण देने वाले कई तत्वों से युक्त हैं। शिकाकाई को एकेसिया कोंसिना कहा जाता है। इसके इस्तेमाल से बालों के स्त्रल्ट लेवल में सुधार होता है। जो कि बालों को कलर और अन्य हानिकारक कैमिकल्स के इस्तेमाल से खत्म हो चुका होता है।

इस तरह करें तीनों का इस्तेमाल

दोमुंहे बाल, झड़ते बाल, सफेद होते बाल के साथ बालों से जुड़ी अन्य समस्याओं को खत्म करने के लिए इन तीनों औषधियों का इस्तेमाल आपके लिए बहुत फायदेमंद रहेगा।, आंवला,रीठा और शिक-ाकाई पाउडर को बराबर मात्रा में मिलाकर पानी की मदद से एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को 30 से 40 मिनट तक बालों में लगाकर छोड़ दें। उसके बाद आप किसी आयुर्वेदिक शैंपू से आप बालों को धो लें। इसके अलावा आप इन तीनों चीजों को मिलाकर घर पर ही शैंपू भी तैयार कर सकते हैं।

आंवला, रीठा और शिकाकाई से शैंपू तैयार करने के लिए 5-6 रीठा, 6-7 शिकाकाई और कुछ आंवला को पानी में रात भर के लिए भिगो कर रख दें। सुबह में इस मिश्रण को गर्म करें और जैसे ही यह उबलना शुरू कर दे, गैस की आंच बंद कर दें। अब इस मिश्रण को ठंडा होने के बाद मिक्सर में पीस लें। मिश्रण को छान लें और बाकी चीजों को अलग कर लें। अब इस लिक्विड का प्रयोग शैंपू के तौर पर करें। आपके बालों से जुड़ी हल समस्या कुछ ही दिनों में दूर हो जाएगी।

**डैंड्रफ की समस्या के लिए यूं करें इस्तेमाल**

डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए आंवला, रीठा और शिकाकाई के पाउडर को दही के साथ मिलाकर एक लेप तैयार कर लें। इस लेप को अपने बालों में 1 घंटे के लिए लगा रहना दें। उसके बाद नार्मल पानी के साथ अपने हेयल वॉश कर लें।

**ऑयली बाल इस तरह रहेंगे हेल्दी**

ऑयली बालों की समस्या सबसे ज्यादा होती है। इनमें पसीना भी अधिक आता है और चिपचिपाहट भी अलग से रहती है। ऑयली बालों को सुंदर और शाइनी दिखाने के लिए क चम्मच रीठा पाउडर, एक चम्मच आंवला पाउडर, शि-ाकाकाई, दही और मुल्तानी मिट्टी मिलाकर गाढ़ा पैक तैयार कर लें। इस पैक को भी सिर नहाने से एक घंटा पहले बालों में अपलाई करें। आप देखेंगी कि आपके बालों से एक्सट्रा ऑयल हट जाएगा साथ ही आपके बाल बॉउंसी लगेंगे।

# रूखे-बेजान बालों के लिए रामबाण है बेसन



सिल्की, शाइनी और खूबसूरत बाल तो हर महिला की ख्वाहिश होती है लेकिन प्रदूषण और गलत चीजों के इस्तेमाल से बाल रूखे व बेजान हो जाते हैं। ऐसे में आप घरेलू नुस्खे अजमाकर बालों से जुड़ी हर समस्या का समाधान कर सकती हैं। आज हम आपको बेसन का एक ऐसा नुस्खा बताने जा रहे हैं, जो ना सिर्फ रूखे-बेजान बालों को सिल्की बनाएगा बल्कि इससे डैंड्रफ और हेयरफॉल जैसी परेशानियां भी दूर हो जाएंगी।

**बालों के लिए बेसन का मास्क**

**पहला नुस्खाः** इसके लिए एक बाउल में 2 टीस्पून बेसन, 2 टीस्पून दही और 1 नींबू के रस को मिक्स करके साइड में रखें। इस्-ाके बाद इसे स्कैल्प पर अच्छी तरह लगाएं और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर स-ाफ पानी से बालों को अच्छी तरह धो लें लेकिन ध्यान रहें कि इस दौरान आप किसी शैंपू का यूज ना करें। हफ्ते में कम से कम 2 बार इस पैक का इस्तेमाल करें।

**दूसरा नुस्खाः** 3-4 टीस्पून बेसन, 1 अंडा, दही और 3-4 बूंदें नारियल तेल की मिक्स करके बालों में अच्छी तरह लगाएं। फिर 1 घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से अच्छी तरह धो लें। हफ्ते में कम से कम 2 बार इस पैक को नियमित रूप से लगाएं। कुछ समय बाद आप खुद फर्क महसूस करेंगी।

**बालों के लिए बेसन के फायदे**

➤प्रोटीन से भरपूर होने के कारण बेसन बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही इससे बाद घने भी होते हैं।

➤बेसन बालों के लिए नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है और सारी गंदगी को बाहर निकालता है।

➤इसमें मौजूद पोषक तत्व स्कैल्प को हेल्दी रखते हैं, जिससे हेयर फॉलिकल्स में मजबूती आती है और बाल झड़ना बंद हो जाते हैं।

➤क्योंकि इसमें किसी तरह का कोई केमिकल नहीं होता इसलिए यह बालों के लिए बिल्कुल सुरक्षित नुस्खा है।


➤अगर आप चाहे तो बेसन में बिना कुछ मिक्स किए शैंपू की तरह भी यूज कर सकती हैं।

➤यह ना सिर्फ बालों को झड़ने से रोकती है बल्कि इससे बाल बाउंसी भी होते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अमृता राव को एम एफ हुसैन से मिला था यह खास गिफ्ट



**प्रसिद्ध** चित्रकार एमएफ हुसैन ने अमृता राव को अपना संग्रह माना और विवाह की रिलीज के बाद उन्हें लाइव चित्रित किया था। कल उनकी 106वीं जयंती के अवसर पर, अभिनेत्री अमृता ने चित्रकार से जुड़ी एक स्मृति को फिर से याद किया। अमृता राव ने साझा किया कि उन्हें चित्रकार से एक उपहार मिला है जिसे वह अपना मूल्यवान अधिकार मानती है। उन्होंने अभिनेत्री को अपना पेंटब्रश उपहार में दिया जिसे उन्होंने विशेष रूप से पेरिस से आयात किया और इसे सिग्नेचर वाकिंग स्टिक के रूप में इस्तेमाल किया। एम एफ हुसैन ने अमृता राव को अपना सिग्नेचर ब्रश पेश करते हुए कहा था, 'याद रखें कि दुनिया में सिर्फ 3 लोग ही इसके मालिक हैं।' चित्रकार को याद करते हुए अमृता कहती हैं, मैं जानती हूं की हुसैन साहब अपने 'सेल्फ-पोर्ट्रेट' में बहुत अच्छे थे जो कि बहुत कम लोग ऐसे है। उन्होंने कहा, इससे पहले कि वह मुझे चित्रित करना शुरू करें, मैंने उनसे कहा कि मैं चाहती हूं कि पेंटिंग का विषय 'द पेंटर एंड हिज म्यूज' हो, यदि आप पेंटिंग देखते हैं, तो पेंटिंग के भीतर एक पेंटिंग है।



# अनुष्का ने दिया रिएक्शन

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान कर सभी को चौंका दिया है। विराट ने बताया कि वह टी-20 वर्ल्ड कप के बाद इस फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ देंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। विराट कोहली के इस फैसले से उनके फैंस थोड़े निराश है। वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने भी अपने पति के इस फैसले पर अपना रिएक्शन दिया है। अनुष्का शर्मा ने अपनी इंस्टा स्टोरी में विराट कोहली का लेटर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट इमोजी भी बनाकर विराट के फैसले का खुले दिल से समर्थन किया है। बता दें कि विराट ने अपने लेटर में लिखा है, मैं न केवल भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बल्कि अपनी पूरी क्षमता के साथ भारतीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में मेरे सफर में मेरा साथ दिया। मैं उनके बिना यह नहीं कर सकता था।

# अजय बने ब्रैंड एम्बैसेडर

बॉलिवुड सुपरस्टार अजय देवगन देश के एक पॉप्युलर ब्रैंड का चेहरा बन गए हैं। दरअसल अजय देवगन स्टील कम्पनी गैलेंट ग्रुप के बैंड एम्बैसेडर के तौर पर अगले दो साल के लिए जुड़ चुके हैं। इस कंपनी के ब्रैंड एम्बैसेडर बनते ही अजय के कंधों पर गैलेंट और गैलेंट के एडवांस ब्रैंड के तहत टी.एम.टी. बार्स के प्रमोशन की जिम्मेदारी आ गई है। बता दें कि गैलेंट ग्रुप देश की सबसे बड़ी स्टील कम्पनियों में से एक है। कंपनी ने अजय देवगन को अगले दो वर्षों के लिए ग्रुप का ब्रैंड एम्बैसेडर चुना है। गैलेंट ग्रुप के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर सी.पी. अग्रवाल ने अजय के साथ इस डील को लेकर काफी खुश हैं। उन्होंने बताया, हमारी कंपनी अजय देवगन के साथ इस असोसिएशन से काफी उत्साहित व रोमंचित है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह ब्रैंड पार्टनरशिप हमारे ब्रैंड की लोकप्रियता बढ़ाएगा और साथ ही बाजार में हमारे ब्रैंड की प्रीमियम पोजिशन को मजबूत करेगा। इस कंपनी के साथ जुड़ने पर अजय देवगन ने कहा, मुझे गैलेंट ग्रुप के साथ इस असोसिएशन को लेकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मेरा मानना है कि यह एक बहुत ही रोमांचक और यादगार यात्रा की शुरूआत है। हम साथ मिलकर इसे एक विश्वस्तरीय व अपनी श्रेणी का टॉप क्लास ब्रैंड बना सकते हैं।

